हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार 13 फरवरी 2026


तापमान
अधिकतम 26 .4 डिग्री
न्यूनतम 6 .6 डिग्री


12 मांगों को लेकर कर्मचारी संगठनों ने सरकार...






12 डीएवी कॉलेज की छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा




## खबर संक्षेप

### पानीपत में शराब तस्कर को पुलिस ने पकड़ा

**पानीपत।** थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस ने दीवाना रेलवे रोड पर रहेड़ी पर अवैध शराब बेच रहे अमर सिंह पुत्र राजपाल निवासी दीवाना जिला पानीपत को गिरफ्तार किया। थानेदार सुभाष ने बताया कि आरोपी अमर सिंह के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### साइबर ठगों से सावधान रहें: पुलिस अधीक्षक

**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने व आमजन को साइबर अपराध के विरूद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब ऑफर के प्रलोभन से बचें। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने साइबर फ्रॉड बारे जानकारी देते हुए बताया कि साइबर ठगों द्वारा सोशल मीडिया पर लोगों को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर ठगी की वारदात कर रहे है।

### 14 को होने वाली खाप की बैठक स्थगित

**उचाना।** सर्व जातीय दाडन खाप चबूतरा पालवां के सचिव रामपाल झील ने बताया कि जो 14 फरवरी उचाना मंडी के अग्रसेन मंदिर में एक प्रधान एक चबूतरा के लिए जो मीटिंग होनी थी वो स्थागित कर दी गई। 15 फरवरी को खाप के पालवां चबूतरे पर खाप कमेटी की तरफ से आगामी कार्यकारिणी चुनने के लिए विचार-विमर्श को लेकर मीटिंग बुलाई है। खाप के सभी गांव से लोग इसमें शामिल होंगे। कार्यकारिणी के चुनाव की तारीख तय की जाएगी। इस मौके पर सूरजभान घसो, राजकुमार डूमरखा कलां, सूरजभान डूमरखा खुर्द, जिले सिंह पालवां, सूरजमल पालवां, दलबीर खेड़ी मंसानिया, रमेख मखंड, महावीर मंगलपुर मौजूद रहे।

### चार किलो गांजे के साथ तस्कर पुलिस गिरफ्त में

**जींद।** जुलाना क्षेत्र के मालवी गांव के पास पुलिस ने नशा तस्कर को काबू कर उसके कब्जे से चार किलो 158 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान भैणी महाराजपुर निवासी सागर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। जुलाना थाना प्रभारी विक्रम जोसन ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि मालवी गांव के आसपास एक युवक नशीला पदार्थ लेकर घूम रहा है। पुलिस टीम का गठन किया गया है।

*हरिद्वार से गंगा जल लेकर कांवड़ियों के आवागमन से वातावरण बनने लगा*

# महाशिवरात्रि का पर्व नजदीक आते ही जिले में गूंजने लगे बम-बम भोले के जयकारे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

महाशिवरात्रि का पर्व मनाए जाने में अब मात्र दो दिन शेष बचे हैं। जिसके लिए कांवड़ियों के जत्थे हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर बम-बम भोले की जयकार करते हुए अपने गंतव्य पर बढ़ने लगे हैं।

जिससे सड़कों पर कांवड़ियों के जयकारों से वातावरण शिवमय बनने लगा है। वहीं प्रशासन ने कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए मार्गों र कड़े इंतजाम कर दिए हैं। वीरवार को हरिद्वार से गंगाजल लेकर दिन भर कांवड़ियों के जत्थे जिले की सड़कों पर बम-बम भोले का जयघोष करते हुए अपने-अपने गंतव्य की ओर बढ़ते दिखाई दिए। इन जत्थों में ज्यादात्तर पंजाब, हिमाचल व जम्मू के कांवड़िए थे। पंजाब के गुरदासपुर से शोभित, विकास, मोहित व कुलदीप आदि ने बताया कि वह पिछले सात वर्षों से महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य पर जाकर भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। जिससे उन्हें न केवल आत्मिक शांति मिलती है, बल्कि उनकी मन्नत भी पूरी होती है।

### सुरक्षा के लिए किए कड़े इंतजाम

महाशिवरहात्रि पर्व को देखते हुए पुलिस ने कड़े सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। वहीं शिव मंदिरों को आकर्षक रुप से सजाया गया है। खास बात यह है कि जिले भर में कई स्थानों पर कांवड़ियों के जलपान के लिए शिविर लगाए गए हैं। वहीं, शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शिव धाम मंदिर के पंडित नरेश गौतम ने बताया कि इस बार 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। जिसके लिए शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया जाएगा।

### रादौर में ऐतिहासिल मेले का होगा आयोजन

रादौर। कस्बा के गांव बापा में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्री प्राचीन मैदानेश्वर महादेव मंदिर में 15 फरवरी को प्राचीन व ऐतिहासिक मेले का आयोजन किया जा रहा है। गांव के सरपंच परमजीत सिंह पम्मा ने बताया कि मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करके पूजा अर्चना करते हैं। उन्होंने बताया कि शिवरात्रि के क्षेत्र में सबसे बडा मेला गांव बापा के श्री प्राचीन मैदानेश्वर महादेव मंदिर में लगता है। मौके पर श्रद्धालुओं के लिये भंडारे का आयोजन भी किया जाता है। सरपंच ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि मंदिर के ऊपर आज तक छत का निर्माण नहीं हो पाया है। जब भी इस मंदिर पर ग्रामीण छत का निर्माण करवाने की कोशिश करते हैं तो छत अपने आप नीचे गिर जाती है। यही वजह है कि शिवलिंग को खुले में स्थापित किया गया। तभी से मंदिर का नाम मैदानेश्वर महादेव मंदिर के नाम से पुकारा जाने लगा। उन्होंने बताया कि प्राचीन काल में खुदाई के दौरान शिवलिंग पाया गया था। जिसे बाद में मंदिर में स्थापित किया गया। मंदिर की खासियत यह है कि शिवरात्रि के दिन हिन्दू-मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी धर्मों के लोग मंदिर में माथा टेकने पहुंचते हैं। प्राचीन काल से मंदिर में शिवरात्रि के दिन मेले का आयोजन होता रहा हैं।

## योग हमारा स्वभाव, योग से ही होनी चाहिए दिन की शुरूआत

# साधारण परिवार में पैदा हुए भारत के नागरिक ज्ञान योग व चरित्र से सभी बहुत धनवान: स्वामी रामदेव

स्वामी रामदेव, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन जयदीप आर्य ने ग्राउंड परिसर में पौधरोपण और मंच से किया दीप प्रज्जवलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

योग ऋषि स्वामी रामदेव ने कहा कि हम किसी साधारण परिवार में जरूर पैदा हुए होंगे, पर ज्ञान, योग व चरित्र से सभी बहुत ही धनवान हैं और इस उपलब्धि को निरंतर बरकरार रखना है। देश के प्रत्येक मनुष्य की सोच बड़ी और मेहनत कड़ी होनी चाहिए। इसी नीति के साथ आगे बढ़ते हुए अपने गंतव्य पर पहुंचने तक रुकना नहीं चाहिए।

आज में देश को वेदों की लौटने का संदेश देने वाले महर्षि दयानंद सरस्वती को याद कर रहे हैं। वेद हमारी संस्कृति का मूल है। सनातन धर्म के हम उपासक हैं। ज्ञान की विद्या के उपासक होकर जाने वाले ऋषियों के अंश हैं। योग हमारा स्वभाव है और दिन की शुरूआत ही योग से होनी चाहिए। योग ऋषि स्वामी रामदेव श्रीमद भगवत गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खेल ग्राउंड में महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में बोल रहे थे। स्वामी रामदेव ने पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन जयदीप आर्य के साथ ग्राउंड परिसर में पौध रोपण और मंच से दीप प्रज्जवलित किया।

### देश को वेदों की लौटने का संदेश देने वाले महर्षि दयानंद सरस्वती को किया याद






कुरुक्षेत्र। दीप प्रज्जवलित करते स्वामी रामदेव, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा व हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन जयदीप आर्य और विद्यार्थियों को संबोधित करते स्वामी रामदेव।

### प्रदेश के 55 लाख नागरिकों ने किया पंजीकरण : जयदीप आर्य

हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन जयदीप आर्य ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कर्मयोगी हैं, जो प्रतिदिन सुबह की शुरूआत योग के साथ करते हैं और इसी योग के कारण रात को 12 बजे तक प्रदेश के विकास कार्यों और आमजन के लिए काम करते हैं। इसी तरह योग ऋषि बाबा रामदेव तपस्वी, संत, योग योद्धा हैं और गुरुओं की प्रथा को आगे बढ़ा रहे हैं। इतना ही नहीं शिक्षा की क्रांति में अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों से चल रहे सूर्य नमस्कार अभियान में इस बार 55 लाख लोगों ने पंजीकरण दर्ज करवाया है। स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी से प्रदेश में सूर्य नमस्कार अभियान की शुरूआत की गई थी, जिसको आज महर्षि दयानंद जयंती के अवसर पर संपन्न किया जा रहा है। वर्ष 2022 में 114 करोड़, वर्ष 2023 में 20 लाख, वर्ष 2024 में 40 लाख, वर्ष 2025 में 46 लाख लोगों ने सूर्य नमस्कार किया। चेयरमैन जयदीप आर्य ने कहा कि इस वर्ष सूर्य नमस्कार को सफल बनाने में आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, खेल विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग और जेल विभाग ने सहयोग दिया।



### मुख्यमंत्री योग का प्रचार प्रसार करने में निभा रहे हैं अग्रणी भूमिका : सुभाष सुधा

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि योग हमारी संस्कृति का प्राचीन हिस्सा है। इस संस्कृति को देश के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने का कार्य योग ऋषि स्वामी रामदेव ने किया है। अब तो हमारा योग विश्व स्तर पर अपना दबदबा बना चुका है। विश्व के लगभग सभी देशों ने भारत की इस प्राचीन सभ्यता को अपनाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी योग का प्रचार प्रसार करने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। सरकार द्वारा योग को फलीभूत करने के लिए हरियाणा योग आयोग का गठन किया। जो योग का खूब प्रचार कर सकते हैं। इस आयोग द्वारा अब तक कई कीर्तिमान भी स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि विद्या भारती संस्थान भी देश को आगे लेकर जाने में अपना पूर्ण सहयोग दे रहा है।

### 3000 युवाओं ने किया सूर्य नमस्कार

इस कार्यक्रम में करीब 3000 युवाओं ने एकसाथ सूर्य नमस्कार भी किया। स्वामी रामदेव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें सूर्य नमस्कार का अभ्यास ही नहीं करना है, बल्कि सूर्य की भांति तेज भी बनना है। सूर्य सुबह निकलते ही अंधेरे को अपने प्रकाश से पूर्णत दूर कर देता है। हमारे युवाओं का शरीर फौलादी और मस्तिष्क ज्ञानवान बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के मन में योग की भावना होनी चाहिए और रोजाना सुबह उठकर सभी को कम से कम एक-एक मिनट तक पांच योग जरुरत करने चाहिए। इनमें भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी शामिल हैं। इसके अलावा सूर्य नमस्कार करने से तो पूरी शरीर में ऊर्जा का संचार हो जाता है। स्वामी रामदेव ने कहा कि संस्कृति, सनातन धर्म के 100 वर्ष पूर्ण हुए हैं। व्यक्ति निर्माण से लेकर राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य किया जा रहा है। सुबह उठकर योग करने वाला ही सच्ची सनातनी कहा जाता है। योग हमारी जीवन पद्धति है। जो योग जो नहीं जीता वो सनातन को कैसे जी पाएगा। युवाओं को शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र को लेकर काम करना चाहिए। अपने मनों में उच्च भावना रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ये कुरुक्षेत्र की धरती है। इस धरती से गीता का संदेश दिया गया। गीता का मूल संदेश ब्रह्म विद्या, योग विद्या को बताया है। गीता योग शास्त्र है। इस धरती पर सूर्य नमस्कार होना किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि योग करने युवाओं में स्वामी रामदेव, महर्षि दयानंद, स्वामी विवेकानंद की आत्मा और ऋषियों की चेतना देखता हूं।

**यह रहे मौजूद:** इस मौके पर आयुष विभाग के अतिरिक्त निदेशक बिजेंद्र हुड्डा, हरियाणा साहित्य अकादमी निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. मंजू शर्मा, हरियाणा योग आयोग के उपाध्यक्ष डा. रोशन लाल, योग कोऑर्डिनेटर कुरुक्षेत्र डा. जागीर सिंह, डा. ऋषिराज, अशोक रोशा, विजय नड्डा, प्राचार्य अनिल मदान, डा. मनीष कुकरेजा, ईश कुमार आर्य, गुलशन ग्रोवर, युद्धवीर, डा. निरुपमा भट्ट, राममेहर, मनजीत सिंह, डा. संदीप गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### 1065 नशीली गोलियों सहित किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

पुलिस अधीक्षक करनाल के दिशा-निर्देशों के अनुसार अवैध नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस करनाल की सीआईए-2 टीम ने एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। सीआईए-2 इंचार्ज निरीक्षक प्रवीण कुमार के कुशल नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक नरेश कुमार की अध्यक्षता में की गई कार्रवाई के दौरान आरोपी अमर पुत्र लीला राम, निवासी गांव सोकड़ा, जिला करनाल को तरावड़ी क्षेत्र से काबू किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 1065 अल्प्राजोलम नशीली गोलियां और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। इस संबंध में अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध थाना तरावड़ी में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज किया गया है। मामले की गहन जांच जारी है तथा आरोपी के अन्य साथियों और नशा तस्करी नेटवर्क से जुड़े संभावित लिंक की भी गंभीरता से पड़ताल की जा रही है। पुलिस का कहना है कि नशा तस्करी के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से महिला की मौत

**यमुनानगर।** यमुनानगर-कुरुक्षेत्र मार्ग पर गांव औरगांबाद पुल के पास ट्रैक्टर की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पश्चिम बंगाल निवासी बिस्टू दास ने सदर यमुनानगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी पत्नी लोकी व एक साल की बेटी पायल के साथ औरंगाबाद में रह रहा था। वह बुधवार को पत्नी लोकी के साथ औरंगाबाद पुल के पास गया था। दोनों देर शाम वापस गांव औरंगाबाद लौट रहे थे। जब से हीरा फैक्ट्री के पास सड़क पार कर रहे थे तभी यमुनानगर की ओर से एक ट्रैक्टर तेज रफ्तार और लापरवाही से चलता हुआ आया और उसकी पत्नी लोकी को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही पत्नी नीचे गिर गई और उसे गंभीर चोटें आई। ट्रैक्टर ड्राइवर वाहन को छोड़कर फरार हो गया। हादसे में बेटी पायल बाल बाल बची। उसने अपनी पत्नी को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

- पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया

# गन पॉइंट पर लूट के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

- करनाली गेट स्थित ज्वेलर्स से लूट की वारदात का खुलासा

जिला पुलिस करनाल द्वारा अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए-2 इंचार्ज निरीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने गन पॉइंट पर लूट की गंभीर वारदात में शामिल दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुरजीत राम पुत्र डोगर राम, निवासी बाहरसाहब, जिला पटियाला (पंजाब) तथा हरीश कुमार पुत्र लछमन राम, निवासी शोरगुल मोहल्ला, तरावड़ी, जिला करनाल के रूप में हुई है। इस मामले में पहले ही विकास उर्फ नोनी पुत्र बलराज, निवासी क्योड़क, कैथल को गिरफ्तार किया जा चुका है। अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि दिनांक 30 दिसंबर 2025 की रात्रि करनाली गेट स्थित मुंशी राम ज्वेलर्स की दुकान पर अज्ञात युवकों ने दुकान मालिक को गन पॉइंट पर धमकाकर गल्ले से लगभग 1 से 1.25 लाख रुपये नकद लूट लिए थे और मौके से फरार हो गए थे।



### जांच तेज

शिकायत के आधार पर थाना तरावड़ी में मुकदमा संबंधित धाराओं के तहत दर्ज किया गया। जांच के दौरान पहले आरोपी विकास उर्फ नोनी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसका 4 दिन का पुलिस रिमांड मंजूर हुआ। पूछताछ के दौरान उसने अपने दो साथियों गुरजीत राम व हरीश कुमार के नाम उजागर किए। इसके बाद पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को काबू कर माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से उनका 2 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपियों से गहन पूछताछ कर वारदात का पूरा खुलासा किया जा रहा है।

# स्नेचर को 5 साल के कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अदालत ने स्नेचिंग के एक आरोपी को मुजरिम करार देते हुए पांच साल के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने मुजरिम पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी ठोका है। जुर्माने की अदायगी न होने पर अतिरिक्त सजा का प्रावधान रखा गया है। वारदात 28 अप्रैल 2022 की है। थाना पड़ाव में पीड़ति महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने उसका मोबाइल छीन लिया है। इस शिकायत पर थाना पड़ाव में आरोपी के खिलाफ छीनाझपटी का मामला दर्ज हुआ था।

### 2022 के मामले फैसला

पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी दिवाकर को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पुख्ता सबूत जुटाए थे। इसी आधार पर जिला एवं सत्र न्यायालय ने आरोपी दिवाकर को मुजरिम करार देते हुए 5 वर्ष के कठोर कारावास व 25 हजार रुपये का जुर्माने की सजा सुनाई।

- अदालत ने 25 हजार रुपये जुर्माना भी ठोका

## बाइक की चाबी न देने पर दोस्तों ने गर्दन पर कटर से किया वार

**यमुनानगर।** बाइक की चाबी न देने पर दोस्तों ने गांव अलाहर निवासी आर्यन की गर्दन पर कटर से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने उसे सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों से उसे पीजीआई रेफर कर दिया। मगर परिजन उसे निजी अस्पताल में लेकर गए। जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने तीन आरोपी युवकों पर केस दर्ज किया है। गांव अलाहर निवासी आर्यन ने सदर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह रादौर स्थित इस्जैक फैक्ट्री में कार्य करता है। आठ फरवरी को वह चचेरे भाई कार्तिक के साथ बाइक पर कपालमोचन गया हुआ था। साथ में गांव के ही हिमांशु, विशाल व शिवम भी अपनी बाइक पर गए थे। जब वहां से घूमकर वापस दामला में पहुंचे तो वह वहां पर पेशाब करने के लिए रूक गए। तभी कार्तिक ने उससे बाइक की चाबी मांगी। उसे चाबी देने से मना कर दिया। इस बात पर हिमांशु, विशाल व शिवम ने उससे गाली गलौज करने लगे और मारपीट की। बात बढ़ने पर शिवम ने जेब से कटर निकाला और उसकी गर्दन पर वार कर दिया। जिससे घायल हो गया। वह किसी तरह आरोपियों से बचकर बाइक लेकर चलने लगा तो खून बहने से उसे चक्कर आ गया और सड़क पर जा गिरा। परिजनों ने उसे सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे पीजीआई रैफर कर दिया। मगर परिजन उसे निजी अस्पताल में लेकर गए। जहां उसका इलाज चल रहा है।

- गंभीर हालत में युवक अस्पताल में उपचाराधीन


## कार्यकारिणी परिषद की 290वीं बैठक में 14 अहम मुद्दों पर चर्चा

*कुवि की ईसी की बैठक में वार्षिक बजट पारित*

# 746 करोड़ 62.86 लाख का बजट पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद की 290वीं बैठक में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 746 करोड़ 62 लाख 86 हजार रुपये का बजट पारित किया गया। बैठक में कुवि की वित्त अधिकारी कंचन बाला द्वारा बजट की रिपोर्ट को प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लोक सम्पर्क विभाग द्वारा तैयार की गई वार्षिक रिपोर्ट-2025 को भी पारित किया गया जिसकी विस्तृत रिपोर्ट लोक सम्पर्क विभाग की उप-निदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा ने प्रस्तुत की। बैठक में 30 दिसंबर 2025 को आयोजित कार्यकारी परिषद की बैठक की कार्रवाई की पुष्टि की गई।



### वित्त समिति की बैठक की सिफारिशों पर भी विचार किया

कार्यकारिणी परिषद की बैठक में 14 महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। बैठक में 10 फरवरी 2026 को आयोजित वित्त समिति की बैठक की सिफारिशों पर भी विचार किया गया। बैठक में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं अन्य सोशल मीडिया उपयोगकतार्ओं के लिए सोशल मीडिया नीति/दिशानिर्देश तैयार करने संबंधी समिति की सिफारिशों पर भी चर्चा हुई। परिषद ने संस्थान की गरिमा एवं अनुशासन बनाए रखने हेतु नीति निर्माण की दिशा में सहमति व्यक्त की। बैठक में आईसीआईपीएस (इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंडो-पैसिफिक स्टडीज) के निदेशक के रूप में सेवानिवृत्त डॉ. वी.एन. अत्री के पुनर्नियोजन की अवधि छह माह के लिए बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार कर निर्णय लिया गया। वर्ष 2025-26 के लिए निजी चिकित्सकों/विशेषज्ञों के पैनल के अनुमोदन तथा परामर्श शुल्क में वृद्धि संबंधी स्थायी समिति की सिफारिशों पर भी चर्चा कर आवश्यक स्वीकृति प्रदान की गई।

### बैठक में कार्यकारिणी परिषद के सदस्य भी मौजूद रहे

*कार्यकारिणी परिषद की बैठक में अमरनाथ भगत जयराम कन्या महाविद्यालय, सेरधा (कैथल) का नाम बदलकर अमरनाथ भगत जयराम राजकीय कन्या महाविद्यालय, सेरधा (कैथल) करने के प्रस्ताव को भी परिषद ने अनुमोदित किया। बैठक में गुणवत्ता शोध एवं शिक्षण के लिए शिक्षकों को प्रोत्साहन देने संबंधी दिशा-निर्देशों पर भी चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। इस बैठक में कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पॉल सहित कार्यकारिणी परिषद के सदस्य मौजूद रहे।*

## मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ हजारों लोग सड़कों पर उतरे

# कर्मचारी व किसान-मजदूरों का संयुक्त विरोध प्रदर्शन, 14 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

केन्द्र एवं राज्य सरकार की कर्मचारी, किसान और मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ गुरुवार को करनाल जिले में हजारों मजदूरों, कर्मचारियों और किसानों ने संयुक्त हड़ताल करते हुए शहर में विशाल जुलूस निकाला। इस हड़ताल का आह्वान देश की दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, मजदूर फेडरेशनों और कर्मचारी संगठनों ने संयुक्त रूप से किया था। शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकला जुलूस जिला मुख्यालय पहुंचा, जहां जोरदार नारेबाजी करते हुए सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया गया।

**करनाल शहर में सड़कों पर निकाला ऐतिहासिक जुलूस**



करनाल। हड़ताल के दौरान शहर में जुलूस निकालते मजदूर, कर्मचारी और किसान संगठन के कार्यकर्ता।

प्रदर्शन की अध्यक्षता प्रमुख सर्व कर्मचारी संघ, सीटू, बैंक यूनियन, एआईबीए, एलआईसी यूनियन, एनआईजेडए, इंटक, एटक तथा रिटायर कर्मचारी संघ के नेताओं ने की। इस दौरान सुशील गुर्जर सिरसी, अनिल कुमार, नीरज अरोड़ा, जगमाल, ओमप्रकाश सिहमार और जिले सिंह पाल ने अपने-अपने संबोधन में सरकार की नीतियों को मजदूर वर्ग के हितों के खिलाफ बताया। प्रदर्शन का संचालन सेवा राम बड़सर व नीरज अरोड़ा ने किया। नेताओं ने कहा कि सरकार ने पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 29 श्रम कानूनों को समाप्त कर चार लेबर कोड लागू किए हैं, जो मजदूरों और कर्मचारियों के अधिकारों को कमजोर करने वाले दस्तावेज हैं। उन्होंने कहा कि यह कोड स्थाई नौकरी, रोजगार सुरक्षा और श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को समाप्त करने की दिशा में खतरनाक कदम हैं। नेताओं ने कार्य दिवस को 8 घंटे से बढ़ाकर 12 घंटे करने के निर्णय को बेहद खतरनाक बताते हुए कहा कि इससे मजदूरों का शोषण बढ़ेगा और उनके स्वास्थ्य व पारिवारिक जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अब तक 30 हजार रुपये न्यूनतम वेतन की मांग को स्वीकार नहीं कर रही है, जो मजदूर वर्ग के साथ अन्याय है। प्रदर्शनकारियों ने बिजली बिल 2025 का विरोध करते हुए कहा कि यह बिल बिजली ढांचे को निजी हाथों में सौंपने और आम जनता पर आर्थिक बोझ डालने की साजिश है। इसी प्रकार सीड्स बिल किसानों को कार्पोरेट कंपनियों का गुलाम बनाने वाला कानून है। नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र को देशी-विदेशी पूंजीपतियों के हवाले किया जा रहा है, जिससे आम जनता को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सेवाओं को भी निजी हाथों में सौंपने की नीति अपनाई जा रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग की पहुंच इन सेवाओं तक सीमित होती जा रही है। नेताओं ने कहा कि यह नीतियां देश को पूंजीपतियों के हित में चलाने की दिशा में बनाई जा रही हैं, जिन्हें मजदूर, कर्मचारी और किसान मिलकर विफल करेंगे।

### लेबर कोड्स रद्द करें

प्रदर्शनकारियों ने लेबर कोड्स को वापस लेने, मनरेगा की पुनः बहाली, पीएफआरडीए एक्ट रद्द कर पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने, राज्य में न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये निर्धारित करने, सभी प्रकार के अस्थाई, ठेका कर्मियों, एचकेआरएन कर्मियों, आशा, मिड डे मील, आंगनवाड़ी कर्मियों, ग्रामीण चौकीदार, ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को नियमित करने की मांग उठाई। इसके साथ ही निर्माण श्रमिकों के कल्याण बोर्ड से सभी सुविधाएं जारी करने, आठवें वेतन आयोग की अधिसूचना जारी करने और राज्य कर्मचारियों के लिए अलग वेतन आयोग गठित करने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई।




# भारत व अमेरिका कृषि समझौते के खिलाफ किसानों का विरोध प्रदर्शन

## एमएसपी गारंटी कानून, लेबर कोड वापसी व पेंशन बहाली की मांग

- किसानों ने समझौते की प्रतियां जलाकर रोष व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान एवं संयुक्त किसान मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विरोध प्रदर्शन के तहत भारतीय किसान यूनियन ने भारत-अमेरिका के बीच हुए कृषि व्यापार समझौते के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। किसानों ने समझौते की प्रतियां जलाकर रोष व्यक्त किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि यह समझौता देश की खेती, किसान और कृषि मजदूरों के हितों को पूरी तरह नजरअंदाज करता है और भारतीय कृषि को विदेशी ताकतों के सामने गिरवी रखने जैसा है। उन्होंने कहा कि यह समझौता लागू होने से देश की खेती पर बहुराष्ट्रीय कंपनियों का नियंत्रण बढ़ेगा और किसान आत्मनिर्भरता से दूर होंगे। प्रदर्शन में कर्मचारी, आंगनबाड़ी वर्कर, निगम कर्मचारी, सफाई कर्मचारी, चौकीदार, सेवानिवृत्त कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने भारत-अमेरिका कृषि समझौता रद्द करने, चारों लेबर कोड वापस लेने, एमएसपी गारंटी कानून लागू करने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने और बुजुर्गों की पेंशन बहाल करने जैसी मांगों को प्रमुखता से उठाया।

### किसान आत्मनिर्भरता से दूर हो जाएंगे

रतनमान ने कहा कि इस समझौते के तहत भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले कृषि उत्पादों पर 18 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा, जबकि अमेरिका से भारत आने वाले उत्पादों पर शून्य प्रतिशत शुल्क होगा। उन्होंने सवाल उठाया कि यह कैसा व्यापार समझौता है, जिसमें भारतीय किसान पर बोझ डाला जा रहा है और विदेशी उत्पादों को खुली छूट दी जा रही है।

### सम्मान पेंशन पर सरकार को घेरा

रतनमान ने बुजुर्गों की काटी गई बुढ़ापा पेंशन को लेकर सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह नीति बुजुर्गों को अपमानित और प्रताड़ित करने वाली है। यदि सरकार ने जल्द सभी बुजुर्गों की पेंशन बहाल नहीं की तो पूरे हरियाणा में आंदोलन किया जाएगा।

### देश की संप्रभुता पर हमला

रतनमान ने कहा कि भारत पर अमेरिका द्वारा निगरानी रखने की शर्त देश की संप्रभुता पर सीधा हमला है, जिसे भारतीय किसान कभी स्वीकार नहीं करेगा। यह समझौता किसानों के सम्मान और देश की आजादी दोनों पर चोट है।

# ट्रेड डील के खिलाफ बनाई रणनीति

- 23 से 25 फरवरी तक कुरुक्षेत्र में सीएम आवास पर महापड़ाव

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक गुरुवार को डेरा कार सेवा में संपन्न हुई। बैठक में मोर्चा से जुड़े किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील का पुरजोर विरोध करते हुए आगामी 23 फरवरी से 25 फरवरी तक कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास पर महापड़ाव डालने का एलान किया। बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी ने पत्रकारों को दी।


करनाल। डेरा कार सेवा में आयोजित बैठक के दौरान रणनीति बनाते किसान संगठन के नेता। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे उपस्थित

बैठक में पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष मंदीप नथवान, अमरजीत मोहड़ी, जगदीप औलख, लखविंद्र सिरसा, प्रिंस वड़ैच पेहवा, किसान पंचायत अध्यक्ष दलबीर सिंह, बलराज सरपंच, चरणजीत बाजवा, हरेंद्र राणा, अमृतपाल बुग्गा, बहादुर मैहला बलड़ी, जोशपाल गिल, राममेहर नंबरदार, सतपाल चहल व साहब सिंह बालू सहित अनेक किसान नेता मौजूद रहे।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल के तहत कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



इंद्री। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल के तहत इंद्री में प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**इंद्री।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर पूर्व घोषित राष्ट्रव्यापी हड़ताल के तहत सभी विभागों के कर्मचारी इंद्री के हर्बल पार्क में इकट्ठा हुए और अपनी मांगों को लेकर शहर में प्रदर्शन करते हुए तहसील परिसर पर प्रदर्शन का समापन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉक इंद्री के प्रधान ऋषिपाल, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला वरिष्ठ उप प्रधान विजयपाल कांबोज, सीआईटीयू की जिला उप प्रधान सुदेश ने की। आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के राज्य कमेटी सदस्य मलकीत सिंह ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मजदूरों और कर्मचारियों पर लागू किए गए चार लेबर कोड रद्द किया जाए, हाई कोर्ट के फैसले अनुसार सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए,आदि।

# खेतों में जलाई समझौते की पर्चियां

- 'हमारा खेत, हमारा अधिकार' अभियान के तहत गांव-गांव में प्रतीकात्मक होली जलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर गुरुवार को जिले के विभिन्न गांवों में किसानों ने 'हमारा खेत, हमारा अधिकार' अभियान के तहत भारत-अमेरिका कृषि व्यापार समझौते के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने अपने-अपने खेतों में एकत्र होकर इस समझौते के विरोध में लिखी गई पर्चियों की होली जलाकर रोष प्रकट किया। नीलोखेड़ी, घरौंडा, असंध, करनाल और इंद्री विकास खंडों में बड़े स्तर पर विरोध देखने को मिला। सैकड़ों किसानों ने खेतों में एकत्र होकर नारेबाजी की और किसान एकता का परिचय दिया। किसानों ने कहा कि यह केवल एक प्रतीकात्मक विरोध नहीं, बल्कि उनके भविष्य, फसल और आजीविका की रक्षा के लिए उठाया गया कदम है।


करनाल। खेतों में भारत-अमेरिका कृषि व्यापार समझौते के विरोध में पर्चियां जलाते किसान।

### अभियान सफल

भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि दोपहर बाद प्रदेश की सभी ग्राम इकाइयों में किसानों ने शांतिपूर्ण, संगठित और अनुशासित तरीके से इस अभियान को सफल बनाया। हर गांव में किसानों ने अपने खेतों पर पहुंचकर भारत-अमेरिका कृषि व्यापार समझौता लिखी पर्चियों की होली जलाकर प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराया। रतनमान ने कहा कि 'हमारा खेत, हमारा अधिकार' केवल एक नारा नहीं, बल्कि किसानों की अस्मिता और आत्मसम्मान की आवाज है।

## खबर संक्षेप

### संगठन सृजन अभियान के तहत जॉन-2 की बैठक

**करनाल।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत जॉन-2 की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने को लेकर व्यापक चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शहरी करनाल पराग गाबा ने की, जबकि संचालन शहरी उपप्रधान दिलशेर सिंह विर्क ने किया।

### स्वास्थ्य व संवैधानिक मूल्यों का संदेश दिया

**करनाल।** पं. चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल की एन.एस.एस. इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस का आयोजन प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी के प्रेरक मार्गदर्शन में अत्यंत उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश रंगा (यूनिट-1) एवं डॉ. करमजीत कौर (यूनिट-2) के नेतृत्व में किया गया।

### महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में निकाली प्रभात फेरी

**इंद्री।** मंदिर सुधार सभा इंद्री द्वारा कस्बे में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में पिछले कई दिनों से प्रभात फेरी निकाली जा रही है । गुरुवार को यह प्रभात फेरी मे शिव पालकी के साथ श्रद्धालु नाचते गाते शिव महिमा का गुणगान करते हैं । यह प्रभातफेरी शिव मंदिर इंद्री से शुरू होकर कस्बे के बाजारों से होती हुई मंदिर सुधार सभा प्रधान पवन सिंगला के घर पहुंची ।

# सूर्य नमस्कार में बनाया नया रिकॉर्ड

- 30 दिनों में 2100 सूर्य नमस्कार कर एक लाख पंजीकरण का लक्ष्य पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

करनाल मानव सेवा संघ स्थित योगशाला में योगाचार्य नवीन संदूजा के नेतृत्व में 'हमारा मिशन स्वस्थ भारत' योगा टीम ने आयुष विभाग करनाल के योग विशेषज्ञ तथा हरियाणा योग आयोग करनाल के नोडल अधिकारी डॉ. अमित पुंज के मार्गदर्शन में 30 दिवसीय राज्य स्तरीय सूर्य नमस्कार अभियान का सफल समापन किया।

यह अभियान 12 जनवरी से प्रारंभ होकर 12 फरवरी को सम्पन्न हुआ। हरियाणा योग आयोग द्वारा सभी जिलों को एक लाख रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य दिया गया था, जिसे आयुष विभाग करनाल एवं अन्य संस्थाओं के सहयोग से योग सहायकों ने पूरा कर लिया। इस उपलब्धि पर योग टीम और प्रशासन ने प्रसन्नता व्यक्त की।


करनाल। सूर्य नमस्कार अभियान के समापन पर अभ्यास करते योगाचार्य नवीन संदूजा व योग साधक। फोटो : हरिभूमि

### सूर्य नमस्कार की विशेषता बताई

सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराते हुए योगाचार्य नवीन संदूजा ने बताया कि 12 फरवरी को योगा टीम द्वारा 60 बार सूर्य नमस्कार किया गया और पूरे 30 दिनों में टीम ने कुल 2100 सूर्य नमस्कार का रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने सूर्य नमस्कार की विशेषता बताते हुए कहा कि इससे शरीर के सभी अंगों का संतुलित व्यायाम होता है और शरीर में किसी प्रकार की रुकावट नहीं रहती। प्रातः सूर्य नमस्कार करने के उपरांत व्यक्ति सारा दिन प्रसन्नचित, ऊर्जावान और स्वस्थ रहता है।

## बच्चों ने खेल महोत्सव में दिखाया जोश

- दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता

**करनाल।** दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, मैन ब्रांच में आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ दयाल सिंह कॉलेज ट्रस्ट समिति के जनरल मैनेजर ब्रिगेडियर रणधीर सिंह, विद्यालय की प्राचार्या सुषमा देवगन एवं मुख्य अध्यापिका प्रिया कपूर ने किया। इस अवसर पर नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी कक्षाओं के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेकर अपनी फुर्ती, उत्साह और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

नर्सरी कक्षा के बच्चों ने हेयर बैंड रेस, कप रेस, कोन रेस एवं स्लिंग बैग रेस में भाग लिया। एलकेजी के विद्यार्थियों के लिए कैप रेस (बालक) और हेयर बैंड रेस (बालिका) आयोजित की गई।

# विकास कार्यों का उद्घाटन किया

- बैंक्वेट हॉल, फिरनी सुरक्षा दीवार और बस अड्डा ग्रामीण विकास को देगा नई गति

हरिभूमि न्यूज ⏭असंध/करनाल

विधायक योगेंद्र राणा ने गुरुवार को क्षेत्र के विकास रथ को आगे बढ़ाते हुए ग्राम बीड माजरा और जुण्डला में कुल 80 लाख रुपये की लागत से बने एवं बनने वाले विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत उद्घाटन और शिलान्यास किया।

उन्होंने ग्राम बीड माजरा में 20 लाख रुपये की लागत से बनकर तैयार हुए भव्य बैंकेट हॉल का लोकार्पण किया। इस बैंकेट हॉल के बनने से ग्रामीणों को विवाह, सामाजिक और पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए अब दूर के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इससे गांव के सामाजिक जीवन को नई मजबूती मिलेगी।

इसके साथ ही विधायक ने 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित गांव की फिरनी की सुरक्षा दीवार का भी उद्घाटन किया, जिससे गांव के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।


करनाल। विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास करते विधायक योगेंद्र राणा व साथ मौजूद ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### बस अड्डे के निर्माण कार्य का शिलान्यास

इसके बाद विधायक योगेंद्र राणा ने जुण्डला गांव में 50 लाख रुपये की लागत से बनने वाले बस अड्डे के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र के लोगों और यात्रियों की वर्षों पुरानी मांग थी। बस अड्डा बनने से यात्रियों को बैठने की सुविधा, पेयजल, शौचालय और सुरक्षित प्रतीक्षालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी और क्षेत्र की परिवहन व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

# जिले में सूर्य नमस्कार अभियान का भव्य समापन

## तन-मन व आत्मा के संतुलन के लिए योग जरूरी

**श्रीकृष्ण कृपा धाम में चार जिला स्तरीय कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

हरियाणा योग आयोग व आयुष विभाग करनाल के संयुक्त तत्वावधान में सूर्य नमस्कार अभियान का भव्य समापन किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल के मार्गदर्शन में चार जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयुष विभाग करनाल के योग विशेषज्ञ एवं हरियाणा योग आयोग करनाल के नोडल अधिकारी डॉ. अमित पुंज ने जानकारी देते हुए बताया कि पहला कार्यक्रम मेरा मिशन स्वस्थ भारत टीम के सहयोग से श्री कृष्ण कृपा धाम, सेक्टर-9 करनाल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर परम श्रद्धेय गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि योग तन, मन और आत्मा के संतुलन के लिए आवश्यक है तथा प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन योग व आध्यात्मिक ग्रंथों का अध्ययन अवश्य करना चाहिए।



### साधकों को मंत्रोच्चारण के साथ 12 अभ्यास करवाए

मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक एवं मुख्य योग शिक्षक दिनेश गुलाटी ने साधकों को मंत्रोच्चारण के साथ सूर्य नमस्कार के 12 अभ्यास करवाए। उन्होंने बताया कि यह अभियान फेसबुक के माध्यम से ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों रूपों में चला, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा 2,50,000 सूर्य नमस्कार का लक्ष्य रखा गया था, जिसे सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। दूसरा कार्यक्रम आर्य समाज सेक्टर-6 करनाल में महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया, जिसमें यज्ञ व योग अभ्यास के साथ 12 बार सूर्य नमस्कार किया गया। इस कार्यक्रम में महिला पतंजलि योग समिति की प्रधान श्रीमती सुनीता नरवाल मुख्य अतिथि तथा मुख्य योग शिक्षक श्री कृष्ण अरोड़ा विशिष्ट अतिथि रहे। उन्होंने बताया कि पतंजलि योग समिति द्वारा प्रतिदिन 100 से अधिक योग कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। तीसरा कार्यक्रम कनिका पब्लिक स्कूल करनाल में आयोजित किया गया, जहां विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार किया और महर्षि दयानंद की शिक्षाओं पर आधारित व्याख्यान प्रस्तुत किए। इस अवसर पर भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री सोमनाथ अरोड़ा मुख्य अतिथि रहे।

### जिले में 5,78,009 पंजीकरण, लक्ष्य से पांच गुना अधिक

*डॉ. अमित पुंज ने बताया कि यह अभियान स्वामी विवेकानंद जयंती से लेकर महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती तक चला, जिसमें एक लाख पंजीकरण का लक्ष्य रखा गया था, जबकि जिले में 5,78,009 पंजीकरण किए गए, जो लक्ष्य से पांच गुना अधिक हैं। इस अभियान में पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, मेरा मिशन स्वस्थ भारत, भारतीय योग संस्थान सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं तथा शिक्षा, खेल, कारागार व पुलिस विभाग ने सक्रिय सहभागिता निभाई।*

## विधिक जागरूकता व योग की अहम भूमिका

**डीएवी पीजी कॉलेज के दिन-रात शिविर में विशेषज्ञों ने युवाओं को किया प्रेरित**

**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज में सात दिवसीय दिन-रात एनएसएस शिविर के पांचवें दिन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. इरम हसन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके आगमन पर एनएसएस अधिकारी डॉ. पूनम वर्मा एवं मुख्य सलाहकार डॉ. बलराम शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। डॉ. इरम हसन ने विधिक जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला।

## खबर संक्षेप

### पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा को पितृ शोक

**पानीपत।** पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा के पिता और पाथरी गांव के पूर्व सरपंच चौधरी जगत सिंह मलिक का कार्डियक अरेस्ट से निधन हो गया। वे 82 साल के थे। मलिक का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव पाथरी में किया गया। वहीं, गांव सींक के पूर्व सरपंच राजेश मलिक, मार्केट कमेटी के पूर्व अध्यक्ष बलराज मलिक समेत बडी संख्या में विभिन्न पार्टी के नेताओं, समाजसेवियों, ग्रामीण जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों आदि ने जगत सिंह मलिक को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

### साइबर सुरक्षा पर आयोजित हुई कार्यशाला

**पानीपत।** आर्य समाज के संस्थापक एवं समाज सुधारक महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल में हवन किया गया। वहीं प्रधानाचार्या मीनाक्षी अरोड़ा ने कहा कि महर्षि दयानंद ने स्त्री शिक्षा और नारी कल्याण के लिए जो प्रयास किए संसार सदैव उनका ऋणी रहेगा। वहीं अध्यापिकाओं के लिए साइबर सिक्योरिटी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

### कुराड़ से कावडियों का दल गोमुख रवाना

**पानीपत।** पानीपत के गांव कुराड़ से गौमुख से कावड़ लाने के लिए जैकी पालीवान व मीशू भारद्वाज के नेतृत्व में युवा श्रद्धालुओं का दल पहली बार उत्तराखंड के मां गंगा के उद्गम स्थल गौमुख से पवित्र गंगाजल लाकर गांव के ही शिव मंदिर में महाशिवरात्री पर शिवलिंग पर चढ़ाएगा। इस दल में प्रदीप शर्मा, मीनू भारद्वाज, गौरव शर्मा, सचिन शर्मा, सागर शर्मा, रजत शर्मा, आर्यन भारद्वाज, कुलदीप भारद्वाज व पवन शर्मा आदि शामिल हैं।

### महर्षि दयानंद सरस्वती को किया भावपूर्ण नमन

**पानीपत।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की जूनियर विंग, महर्षि दयानंद बाल गुरुकुल में महर्षि दयानंद सरस्वती के 202वीं जयंती पर स्पोर्ट्स डे का आयोजन हुआ। वहीं, स्कूल प्रबंधन के पदाधिकारियों, प्राचार्य मनीष घनगस, शिक्षकों व विद्यार्थियों ने महर्षि दयानंद सरस्वती को नमन किया। वहीं मनीष न कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती, वैदिक परंपरा के प्रबल समर्थक थे और वेदों को ज्ञान तथा सत्य का परम स्त्रोत मानते थे।

### महर्षि दयानंद युग परिवर्तन के थे अग्रदूत : उपायुक्त

**पानीपत।** आर्य समाज के प्रवर्तक एवं महान समाज सुधारक महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती के अवसर पर उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन कर कहा कि महर्षि दयानंद एक दूरदर्शी चिंतक और युग परिवर्तन के अग्रदूत थे, जिन्होंने समाज को अज्ञानता, अंधविश्वास और कुरीतियों से मुक्त कराने का ऐतिहासिक कार्य किया। स्वामी दयानंद सरस्वती ने वेदों के सत्य संदेश को जन-जन तक पहुंचाकर समाज में जागरूकता और आत्मगौरव की भावना जगाई। उन्होंने शिक्षा, समानता और सामाजिक सुधार को अपना जीवन लक्ष्य बनाया तथा रूढ़िवादिता के विरुद्ध सशक्त आवाज उठाई।

### विद्यार्थियों ने दयानंद को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**पानीपत।** आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में स्वामी दयानंद जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। वहीं, विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर आयुष विभाग के द्वारा विद्यालय में हर घर परिवार सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। रणदीप आर्य ने विद्यार्थियों को योग एवं सूर्य नमस्कार पर जागरूक करते हुए कहा कि आज के समय इस भागदौड़ भरी जिंदगी में विद्यार्थियों एवं युवाओं को योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने की बहुत आवश्यकता है। योग को नियमित करने से हमारा शरीर निरोग रहता है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी विशेष रूप से मौजूद रहे।

---

### वामपंथियों, कांग्रेसियों, किसानों ने जुलूस निकाल सचिवालय पर प्रदर्शन

# जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरे कर्मी, नारेबाजी

- विपक्षी दलों व कर्मचारियों ने जीटी रोड़ पर निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। जुलूस निकाते हुए वामपंथी व कांग्रेसी आदि।

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों एवं कर्मचारी फेडरेशनों, संयुक्त किसान मोर्चा, सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर देशव्यापी हड़ताल का पानीपत में कोई खास असर नहीं रहा। वामपंथियों, किसान, मजदूरों, कांग्रेसियों व विभिन्न विभागों के सरकारी कर्मचारियों ने मोदी सरकार पर जनविरोधी नीतियों को लागू करने का आरोप लगाते हुए जीटी रोड पर विशाल जुलूस निकाला और जिला सचिवालय में जनसभा की। वहीं, हड़ताल के अंदर केंद्रीय ट्रेड यूनियन, सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू, एटक, इंटक, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, कर्मचारी महासंघ, रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा, संयुक्त किसान मोर्चा, अखिल भारतीय किसान सभा, खेत मजदूर यूनियन, सीटू से संबंधित आशा आंगनवाड़ी, मिड डे मील, क्रैच वर्कर्स यूनियन, ग्रामीण सफाई कर्मचारी, इंडस्ट्रियल वर्कर यूनियन, केंद्रीय कर्मचारियों के बैंक बीमा, सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित सरकारी विभागों बिजली बोर्ड, पीडब्लूडी, पब्लिक हेल्थ, सिंचाई विभाग, रोडवेज, हुड्डा, नगर पालिका, पशुपालन विभाग, टूरिज्म, पटवार और कानूनगो एसोसिएशन आदि यूनियनों ने हिस्सेदारी की। आंदोलनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे थे। विरोध प्रदर्शन और जुलूस का नेतृत्व सीटू राज्य सचिव सुनील दत्त एसकेएस के उप प्रधान कश्मीर सिंह, जितेंद्र खर्ब, अमरीश त्यागी, शिवकुमार, प्रमोद शर्मा, बिजली विभाग यूनियन के राज्य उप प्रधान जितेंद्र सैनी, नगर पालिका कर्मचारी यूनियन के प्रधान नरेश कुमार, आशा वर्कर यूनियन की जिला प्रधान बंटी, सुशीला, मिड डे मील वर्कर्स यूनियन जिला प्रधान निर्मला अहलावत, क्रैच वर्कर यूनियन जिला प्रधान नूतन, इंडस्ट्रियल वर्कर यूनियन जिला प्रधान जय भगवान, रामकुमार यादव, नवीन सपडा, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन जिला प्रधान सुलतान, अशोक दुग्गल, वन मजदूर यूनियन के जिला प्रधान महेंद्र, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान डा. सुरेंद्र मलिक, राजपाल, कंवर सिंह छोकर, दिलावर सिंह राठी, सीताराम शर्मा, रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला प्रधान शीशपाल मलिक, सतबीर सिंह, संजय, खेत मजदूर यूनियन के जिला सचिव राजेंद्र, ओमपाल, कांग्रेस नेता सचिन कुंडू व जिला पानीपत ग्रामीण जिलाध्यक्ष रमेश मलिक, सीपीएम से सुरेंद्र मलिक, सीपीई से मामचंद सैनी, रोहतास आर्य आदि नेताओं ने प्रदर्शन को संबोधित किया व नेतृत्व किया।-

---

# जनता की निष्काम सेवा कर रही है भाजपा सरकार: विनोद भ्याना

- बजट पर प्रदेशभर में दो महीनों से कर रहे है हर वर्ग से संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। लिफ्ट सेवा शुरू करते हुए विधायक विनोद भ्याना व अन्य।

डेरा बाबा जोध सचियार में साध-संगत, विशेषकर बुजुर्ग श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिफ्ट सेवा का शुभारंभ किया गया। वहीं, हांसी के विधायक एवं कमेटी डेरा बाबा जोध सचियार के प्रधान विनोद भ्याना ने विधिवत रिबन काटकर इस नई सुविधा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इधर, विधायक भ्याना ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार जनता की निष्काम सेवा कर रही है। वहीं मुख्यमंत्री नायब सैनी, जो वित्त मंत्री का दायित्व भी निभा रहे हैं, पिछले दो महीनों से प्रदेशभर में विभिन्न वर्गों से संवाद कर रहे हैं और उनके सुझावों को बजट में शामिल करने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा सरकार का बजट जनकल्याणकारी होगा। बजट पर हर वर्ग को समान अवसर प्रदान किए जाएगे। इस अवसर पर कमेटी के महासचिव मदन मोहन भ्याना, राकेश भ्याना, वेद बठला, यशपाल ग्रोवर, जसपाल भ्याना, कमल भ्याना, नरेंद्र भ्याना, अशोक भ्याना, सुधीर समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### दयाल सिंह स्कूल में छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोहा मन



**पानीपत।** दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में कक्षा दूसरी की छात्रों द्वारा उत्सव त्योहारों का कक्षा शो आयोजित किया गया। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ विनीता तोमर द्वारा की गई। कार्यक्रम में पानीपत के एसडी कालेज की पूर्व उप प्राचार्या और अंग्रेजी विभाग की प्रमुख डॉ सरिता दलाल और नारी तू नारायणी उत्थान समिति की अध्यक्ष सविता आर्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। वहीं, डॉ विनीता अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इधर, कार्यक्रम में बच्चों ने गणेश उत्सव, तीज, बैशाखी, दशहरा, दीवाली, बसंत पंचमी, होली और शिवरात्रि से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नन्हें कलाकारों ने रंग बिरंगी वेशभूषाएं भाव भंगिमाए उत्साह एवं कला के द्वारा दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इधर, डॉ तोमर ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियों से बच्चों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के बारे में जानने में मदद मिलती है और साथ ही उनके आत्म विश्वास और समग्र व्यक्तित्व का निर्माण होता है। इधर, मंच का संचालन समर्थ व नव्या ने किया।

---

# पेंशन बंद कर बुजुर्गों का अपमान कर रही भाजपा सरकार : डॉ. नैन

- बिना वजह पेंशन कटने से बुजुर्गों को हो रही है आर्थिक व मानसिक परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। युवा इनेलो के प्रधान महासचिव डॉ नवीन।

युवा इनेलो के प्रधान महासचिव डॉ नवीन नैन भालसी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार प्रदेश में बुजुर्गों की पेंशन काट कर उन्हें परेशान कर रही है। पेंशन बंद होने से बुजुर्गों को जीवन यापन करने में आर्थिक व मानसिक परेशानियों का सामना करना पड रहा है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के आत्मसम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए ताऊ देवीलाल द्वारा 17 जुलाई 1987 को बुजुर्ग पेंशन ₹100 रूपये मासिक शुरू की थी। वहीं, प्रदेश में बनी विभिन्न पार्टियों की सरकारों ने ताऊ देवीलाल के इस पौधे रूपी पेंशन को सिंचित और पोषण देने का कार्य किया था। जबकि भाजपा सरकार, बुजुर्गों की पेंशन बिना किसी वजह के काट कर उन्हें अपमानित कर रही है। उन्होंने कहा कि ताऊ देवीलाल के लिए बुढ़ापा पेंशन कोई राजनीतिक प्रलोभन नहीं वास्तविक अर्थों में बुजुर्गों के प्रति अटूट और आत्मीय सम्मान का भाव था। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बुजुर्गों की पेंशन बिना वजह काट कर कलुषित मानसिकता का परिचय दे रही है। उन्होंने कहा कि इनेलो पार्टी बुजुर्गों के हितों और अधिकार को संरक्षण देने के लिए हमेशा कृत संकल्पित रहती है। वहीं, इनेलो, बुजुर्गों के हितों के लिए बीस फरवरी को पंचकूला में प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन करेगी, इसके बाद जिला स्तरीय पर आंदोलन किया जाएगा। भालसी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार अपनी भेदभाव पूर्ण नीतियों से लगातार आमजन का शोषण करने का काम कर रही है। आज हर वर्ग अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ लगातार सड़कों पर प्रदर्शन कर रहा है। वहीं, सरकार उनकी मांगों को लगातार नजरअंदाज कर रही है।

### चित्रकूट धाम में प्राण प्रतिष्ठा पर हुआ महायज्ञ

**पानीपत।** पानीपत की अशोक विहार कालोनी में श्री राम चौक कुटानी रोड स्थित चित्रकूट धाम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के चतुर्थ सत्र में फलादिवास तथा मिष्ठानदिवास सैयाधिवाश संपंन हुआ। ज्योतिषाचार्य पंडित देवनारायण उपाध्याय ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर यजमान अंजलि, अनुज जिंदल, अंशुल, मनोज जिंदल, ऋतिक, गार्गी जिंदल, रशिका, प्रवीण गर्ग, संजय गर्ग, ऊषा रानी, डॉ अंजू, अजय अग्रवाल, अस्मित अग्रवाल, संगीता, संजय शर्मा, हन्नी खनेजा, गजेंद्र शर्मा, अंचल अरोड़ा, राहुल लाकरा, मोहित रोहिला, आचार्य शिव पाल पाठक, शिव विलास तिवारी, शिवशरण मिश्रा, हरिमोहन गौतम, राजकुमार शास्त्री, घनश्याम शास्त्री, बीरेंद्र शास्त्री, बद्री नारायण आदि उपस्थित रहे।

# नारी सशक्तिकरण से ही भारत बनेगा विकसित राष्ट्र : भारती

- दिव्य ज्योति जागृति संस्थान ने लैंगिक भेदभाव के विरुद्ध जागरूकता रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। साध्वी राजेश्वरी भारती, लैंगिक भेदभाव पर संबोधन करे हुए।

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के संतुलन प्रकल्प के तहत दुर्गा कालोनी में डीसीएम स्कूल में लैंगिक भेदभाव के विरूद्ध जारूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। वहीं संस्थान की शिष्या साध्वी राजेश्वरी भारती ने कहा कि नारी सृष्टि का आधार है। देश में आधी आबादी महिलाओं की है। वहीं, जब तक नारी साक्षरता शतप्रतिशत नहीं होगी, तब तक भारत विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता। नारी सशक्तिकरण से ही भारत आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने नारी सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को शिक्षा समान अधिकार आत्म निर्भरता और निर्णय लेने की स्वतंत्रता देना है। उन्होंने कहा कि लैंगिक भेदभाव देश के विकास के साथ साथ समाज के विकास में भी रूकावट है। इसके मद्देनजर हर वर्ग को अपनी बेटियों को हर हाल में शिक्षित कर उन्हें विकस के असर देने चाहिए, इसके लिए चाहे परिजनों को एक समय भी भूखा क्यों ना रहना पडे। डीसीएम स्कूल के विद्यार्थियो ने रैली निकाल महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

---

# सिलाई स्कूल में छह माह में 10 बेटियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण


पानीपत। कार्यक्रम में डॉ एपी जैन व दीपचंद निर्मोही बेटियों का मार्गदर्शन करते हुए।

**पानीपत।** पानीपत में नहर किनारे बत्रा कॉलोनी में चेतना सिलाई स्कूल का शुभारंभ आर्य कॉलेज के पूर्व प्राचार्य साहित्यकार व शिक्षाविद् डॉ.एपी जैन ने किया। वहीं, सिलाई स्कूल के संचालन का दायित्व अंकित जैन गाजियाबाद ने लिया है। वहीं, यह चेतना सिलाई स्कूल समाज सेविका किरण सैनी के प्रयासों से शुरू हुआ है। स्कूल में एक ग्रुप में छह माह में 10 बेटियों को सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्मरणीय है कि चेतना परिवार, पानीपत में 35 स्कूल बच्चों के पढने के लिए, 10 स्कूल बेटियों को सिलाई सीखने के लिए, पांच स्कूल ब्यूटी पार्लर, पांच स्कूल कंप्यूटर और पांच स्कूल प्रौढ़ महिलाओं के लिए चला रहा है। इस अवसर पर चेतना परिवार के न्यासी शिक्षाविद् व साहित्यकार दीपचंद निर्मोही, सोमा सैनी, रूपा उपस्थित रहे।

### योग आयोग की पहल पर छात्रों ने किया सूर्य नमस्कार

**पानीपत।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग टेक्नोलॉजी एवं एप्लाइड न्यूट्रिशन, पानीपत में हरियाणा योग आयोग की पहल के अंतर्गत सूर्य नमस्कार विषय पर स्वास्थ्य एवं वेलनेस सत्र का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन 'आर्ट ऑफ लिविंग' के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें राज्य वेलनेस समन्वयक दीपिका डावर के मार्गदर्शन में अनुभवी प्रशिक्षक गौतम सेतिया और विक्रांत वर्मा ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार एवं तनाव प्रबंधन तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन योग करने से मनुष्य निरोग रहता है। विद्यार्थियों को अपने जीवन में योग को अवश्य अपनाना चाहिए। पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य का ठीक होना जरूरी है। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ आलोक असवाल ने हरियाणा योग आयोग एवं आर्ट ऑफ लिविंग टीम का आभार व्यक्त किया।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री अजीत ने देश को तरक्की की दिखाई थी राह: रविंद्र

- आरएलडी पार्टी के संस्थापन अजीत सिंह को जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा


पानीपत। पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ .अजीत सिंह को नमन करते हुए पूर्व विधायक रविंद्र मछरौली व अन्य। फोटो : हरिभूमि

पूर्व केंद्रीय मंत्री और आरएलडी के संस्थापक स्व.चौ. अजीत सिंह को उनकी 87वीं जयंती पर हरियाणा प्रदेश कार्यालय मछरौली फार्म हॉउस पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। वहीं पूर्व विधायक समालखा एवं आरएलडी नेता रविंद्र मछरौली ने बताया की स्व. चौधरी अजीत सिंह ने 55 वर्ष की आयु में राजनीति में भारत रत्न स्व. चौधरी चरण सिंह जी के देहवासन के बाद व किसानों की मांग पर प्रवेश किया था। चौधरी अजीत सिंह केंद्र में कई बार केबिनेट मंत्री रहे। कृषि, उद्योग व जहारानी मंत्री रहते हुए उन्होंने तीनों क्षेत्रों को तरक्की की राह दिखाई थी। सरकार किसी भी पार्टी की क्यों ना हो सभी ने चौ.अजीत सिंह की औद्योगिक योजनाओं का अपनाया। पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह ने देश के किसानों के लिए कई सराहनीय कार्य किए थे। जिसकी बदौलत देश में किसानों को फसलों के सही दाम मिलने शुरू हुए थे। इस अवसर पर युवा प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा बाली शर्मा, प्रदेश संगठन महासवचि नरेंद्र छिकारा, सचिन मित्तल पूर्व चेयरमैन नगर पालिका समालखा, अमित रूहल, प्रवीन कुमार, महाबीर सिंह, लोकेश रूहल के अलावा पार्टी कार्यकर्ता व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### समाधान शिविर में आई शिकायतों का हो जल्द समाधान : डॉ संजय

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में आयोजित जनता समाधान शिविर में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने जनसुनवाई की। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में शिविर में आए शिकायतकर्ताओं की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट व समयबद्ध दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को सचेत किया कि किसी भी फरियादी को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और शिकायतों का पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित हो।

---

### पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने दी श्रद्धाजंलि

# दीनदयाल के सपनों को सकार कर रही भाजपा: नवीन

**उपाध्याय ने स्वदेशी, आत्मनिर्भरता व सामाजिक समरसता को बताया प्रगति का आधार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते भाजपा के जिला उपाध्यक्ष भाटिया।

भाजपा ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई। वहीं भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने पंडित उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। भाटिया ने कहा पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी का विचार था कि देश के लिए समाज के लिए और उनका सपना था समाज की अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंचे। आज हम सभी लोग मिलकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा कही गई बातों को पूरा करने का काम बीजेपी कर रही हैं। उनके विचार हम सभी को समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की प्रेरणा देते हैं।वे राष्ट्र के प्रति समर्पित थे। जिन्होंने स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समरसता को राष्ट्र की प्रगति का आधार बताया। उनका कहना था राष्ट्रवाद हमारी प्रेरणा है सुशासन और विकास से अन्त्योदय हमारा लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने विदेशी विचारधाराओं की नकल के बजाय भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप स्वदेशी मॉडल अपनाने पर बल दिया। आत्मनिर्भर भारत की सोच का मूल यही विचार है। इस अवसर पर भाजपा दक्षिणी शहरी मंडल अध्यक्ष चेतन तनेजा, विजय सहगल, रोहतास देशवाल, हिमांशु वीरमणि, संजय आदि भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रेरणाओं पर अमल करते हुए देश के विकास में उनकी नीतियों का पालन कर रहे है। आज देश पूरे विश्व में अपना परचम लहरा रहा है। भाजपा सरकार में हर वर्ग तरक्की कर रहा है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आमजन की सेवा में निरंतर कार्यरत है। उन्होंने लोगों से उपाध्याय की नितियों का अनुसरण करने की अपील की।

### ब्लॉक समिति अध्यक्ष राणा का हुआ निधन

**पानीपत।** पानीपत ब्लॉक समिति के अध्यक्ष गांव ददलाना निवासी दीपक राणा का हृदयघात के कारण निधन हो गया। वहीं, राणा ने कम समय में क्षेत्र की राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई थी। उनके निधन से ददलाना गांव और ब्लॉक में शोक की लहर है। दीपक का उनके पैतृक गांव ददलाना में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इधर, परिजनों ने बताया कि दीपक राणा की तबीयत बिगड़ गई, उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां मेडिकल जांच के बाद चिकित्सक ने दीपक को मृत घोषित कर दिया। उनके निधन पर विभिन्न जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और राजनीतिक नेताओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

**न्यायालय तहसीलदार कम संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

सुन्दर सिंह पुत्र श्री गोबिन्द सिंह निवासी मकान नम्बर 384/7 पुरानी सब्जी मण्डी पानीपत
बनाम
जनरल पब्लिक!

हर आम व खास को सूचित किया जाता है सुन्दर सिंह पुत्र श्री गोबिन्द सिंह निवासी मकान नम्बर 384/7 पुरानी सब्जी मण्डी पानीपत ने वारसान तसदीक हेतु पेश किया है जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता गोबिन्द सिंह पुत्र श्री तारा चन्द की दिनांक 18/8/1990 को मृत्यु हो चुकी है- मृतक गोबिन्द सिंह की माता जवन्दो बाई की काफी अरसा पहले मृत्यु हो चुकी है- यह कि गोबिन्द सिंह की मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी दर्शाये गये है हल्का पटवारी एवं नगर पार्षद अमित नारंग वार्ड-15 द्वारा अपनी रिपोर्ट में इन्हीं वारसान की तसदीक की गई है
1- जसवन्त कौर पत्नी 2- सुन्दर सिंह लड़का 3- अवतार सिंह लड़का 4- सुरजीत कौर लड़की 5- पुष्पा रानी लड़की 6- चरणजीत कौर लड़की 7- कुलदीप सिंह लड़का है- यह कि कुलदीप सिंह की दिनांक 2/6/2016 को मृत्यु हो चुकी है कुलदीप सिंह के वारिस 1- सुरजीत कौर पत्नी लेट कुलदीप सिंह 2-जसबीर सिंह पुत्र श्री कुलदीप सिंह 3- प्रीत कौर पुत्री श्री कुलदीप सिंह हैं- मृतक का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है।
इनके इलावा मृतक सुन्दर सिंह का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस/इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 उपरोक्त कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 11.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार कम संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत।

## खबर संक्षेप

### किशोरी के अपहरण में दो साल का कारावास

**अंबाला।** अदालत ने किशोरी के अपहरण में मुजरिम को एक साल 9 महीने की सजा सुनाई है। मुजरिम पर अदालत ने 20 हजार रूपये का जुर्माना भी ठोका है। इस मामले में पुलिस ने किशोरी के अपहरण का केस दर्ज किया था। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने किशोरी को मुजरिम के चंगुल से रिहा करावया था। इसके बाद पुलिस ने जांच के दौरान पुख्ता सबूत जुटाए थे। उन सबूतों के आधार पर अदालत ने मुजरिम को कारावास की सजा सुनाई।

### जेवरात ठगने वाला चार दिन के रिमांड पर

**अंबाला।** थाना शहजादपुर में दर्ज सोना जेवरात व सामान ठगने के मामले में पुलिस ने आरोपी प्रदीप उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है। उसे चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। प्रबंधक थाना शहजादपुर ने बताया कि इस मामले में शिकायतकर्ता राजपाल ने 6 फरवरी 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने 1 अक्तूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 के दौरान विश्वास में लेकर सोना-चांदी जेवरात, नकदी राशि व अन्य सामान की ठगी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को काबू किया है।

### जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नशा मुक्त हरियाणा मिशन बाल विवाह मुक्त भारत के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### छात्र शिवम ने पास की यूजीसी नेट परीक्षा

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद के लिए गर्व का क्षण है कि कॉमर्स विभाग के एमकॉम प्रथम वर्ष के छात्र शिवम ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित यूजीसी नेट परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से विश्वविद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का वातावरण व्याप्त है। यूजीसी नेट परीक्षा देश की प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक मानी जाती है।

# पढ़ेंगे और पढ़ाएंगे, हर एक निरक्षर को साक्षर बनाएंगे, उल्लास प्रोग्राम की सफलता के लिए जुटे विद्यार्थी, गीतों और नाटकों से कर रहे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिले से निरक्षरता के अंधकार को समाप्त कर पूर्ण साक्षरता की ओर बढ़ने के संकल्प के साथ उल्लास कार्यक्रम को जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा के नेतृत्व में और अधिक प्रभावी व गतिशील बनाया जा रहा है। इस कार्य हेतु सभी शिक्षक और विद्यार्थी पूरी ऊर्जा के साथ जुट चुके हैं। अब गीतों और नाटकों के माध्यम से भी निरक्षरों को जागरूक किया जाने लगा है। खंड अंबाला-1, साहा और बराड़ा के बाद अब खंड अंबाला–2 के विद्यालयों— राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बबयाल एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांवला में उल्लास योजना को गति देने के लिए अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा रहे। दोनों विद्यालयों में कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। विद्यार्थियों ने जिला शिक्षा अधिकारी के स्वागत में गीत प्रस्तुत किए। डीईओ सुधीर कालड़ा ने इन नवसाक्षरों और वालंटियर विद्यार्थियों से संवाद कर उनके प्रयासों की सराहना की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कांवला संकुल में वालंटियर्स विद्यार्थियों ने बहुत हर्षोल्लास से जिला शिक्षा अधिकारी से निरक्षरों को साक्षर बनाने में अपने अनुभव भी सांझा किए। इस सम्मान समारोह में उल्लास कार्यक्रम के तहत विशेष योगदान देने वाले दोनों प्राचार्यों बलविंदर कुमारी एवं अनुपिका रंधावा, पढ़ाने वाले सभी वालंटियर्स बच्चों एवं सर्वेयर्स को जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा द्वारा प्रशंसा प्रमाणपत्र दे कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उल्लास कार्यक्रम के तहत साक्षर बने लर्नर्स को भी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाला प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया गया।



**अंबाला।** जिला शिक्षा अधिकारी को निरक्षरों को साक्षर बनाने का अनुभव सुनाते हुए छात्र। फोटो : हरिभूमि

### नृत्य से माहौल को बनाया उत्साहपूर्ण

बब्याल में विद्यार्थियों द्वारा उल्लास कार्यक्रम पर आधारित लघु नाटिका और हरियाणवी नृत्य कर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया और संदेश दिया कि:

उल्लास है शिक्षा की वो नौका
जो दे हमें पढ़ने का एक और मौका,
तो आइए, इस नौका में सवार हो जाएं,
और अपने देश को साक्षर बनाएं।

बच्चों ने यह संकल्प भी बार बार दोहराया कि:

हम हर घर में जाएंगे, उल्लास की जोत जलाएंगे।
पढ़ेंगे और पढ़ाएगे, हर निरक्षर को साक्षर बनाएंगे।

### प्रशंसा पत्र देकर किया जाएगा सम्मानित

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिला शिक्षा विभाग ने अब सभी संकुल प्रमुखों को यह लक्ष्य दिया है कि वे अपने सर्वेक्षकों के माध्यम से 21 फरवरी तक कम से कम 400 उल्लास लर्नर्स का पंजीकरण उल्लास पोर्टल पर करें। आगामी 21 फरवरी तक 450 से अधिक निरक्षरों को पंजीकृत करने वाले संकुल प्रमुखों को प्रशंसापत्र देकर सम्मानित भी किया जायेगा। सम्मान समारोह पश्चात दोनों राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बब्याल और कावला में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पौधारोपण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिला उल्लास समन्वयक एवं जिला गणित विशेषज्ञ सुशील अरोड़ा भी शामिल रहे। उन्होंने बताया कि संकुल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बब्याल में 403 निरक्षर व्यक्तियों का पंजीकरण किया गया, जिनमें 183 को साक्षर बनाया जा चुका है। यहां 83 वालंटियर विद्यार्थी एवं 36 सर्वेयर शिक्षक सक्रिय रूप से कार्यरत रहे। वहीं संकुल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांवला में 567 निरक्षर पंजीकृत किए गए जिनमें से 466 व्यक्ति साक्षर बन चुके हैं। इस विद्यालय में 20 वालंटियर विद्यार्थी एवं 22 सर्वेयर शिक्षक उल्लास कार्यक्रम में जुटे रहे।

# मांगों को लेकर कर्मचारी संगठनों ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

## जिलेभर में दिखा राष्ट्रव्यापी हड़ताल का मिला जुला असर

- बिजली व रोडवेज कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, नागरिक अस्पतालों में भी हड़ताल के बावजूद सामान्य रही स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिले में वीरवार को कर्मचारी संगठनों द्वारा आयोजित राष्ट्रव्यापी हड़ताल का असर मिला-जुला देखने को मिला। विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन और नारेबाजी की, लेकिन आम लोगों की दैनिक गतिविधियों पर इसका व्यापक प्रभाव नहीं पड़ा।

रोडवेज और बिजली विभाग के कर्मचारियों ने करीब दो घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया, जबकि नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह सामान्य रहीं। बैंकों के हड़ताल में शामिल होने के कारण शाखाओं में कामकाज प्रभावित रहा और कई एटीएम में नकदी की कमी देखने को मिली। हालांकि प्रशासनिक स्तर पर स्थिति नियंत्रण में रही। यमुनानगर रोडवेज डिपो में कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की, लेकिन अधिकांश रूटों पर बसों का संचालन सामान्य रहा और यात्रियों की आवाजाही भी जारी रही। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, रोडवेज बसों की संख्या बढ़ाने और अन्य लंबित मांगों को लेकर यह सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन की पूर्व घोषणा कर दी गई थी और आगे भी मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर विभिन्न विभागों के कर्मचारी एकत्रित हुए, जहां नगर निगम के सफाई कर्मियों और हरियाणा कौशल रोजगार निगम से जुड़े सैकड़ों कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया।

सर्व कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के अनुसार जिले के कई कर्मचारी संगठनों ने संयुक्त रूप से हड़ताल में भाग लिया। कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में कौशल रोजगार निगम को बंद करना, बड़ी संख्या में कच्चे कर्मचारियों को नियमित करना और श्रम कानूनों से जुड़े पुराने प्रावधानों को बहाल करना शामिल है। बिजली कर्मचारियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर नीति के विरोध में प्रदर्शन किया और बाद में संयुक्त धरने में शामिल हुए।दूसरी ओर, नागरिक अस्पतालों में डॉक्टर और नर्सें ड्यूटी पर तैनात रहीं तथा मरीजों की सामान्य भीड़ देखने को मिली। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा, साथ ही हालिया बारिश से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग भी उठाई।



**अंबाला।** प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### आंदोलन को और तेज करने का ऐलान

बराड़ा। सर्व कर्मचारी संघ के बैनर तले विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने केंद्र व राज्य सरकार की कथित कर्मचारी विरोधी नीतियों के विरोध में हड़ताल कर जोरदार प्रदर्शन किया। ब्लॉक के अलग-अलग विभागों में कार्यरत सरकारी कर्मचारियों तथा सरकारी परियोजनाओं में कार्यरत कर्मचारियों ने शहर में नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट किया। प्रदर्शन से पूर्व सर्व कर्मचारी संघ के प्रधान रणधीर सिंह की अध्यक्षता में एक सभा का आयोजन किया गया, जिसका मंच संचालन अध्यापक संघ के सचिव मुकेश घारू ने किया। सभा को संबोधित करते हुए अध्यापक संघ के प्रधान अरुण कुमार ने कहा कि सभी विभागों में जनसंख्या के अनुपात में नए पद सृजित किए जाएं तथा खाली पदों पर नियमित भर्ती की जाए। उन्होंने मांग की कि विभिन्न विभागों में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों और परियोजना कर्मियों को पक्का किया जाए। खंड सचिव धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि सभी के लिए समान और निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा शिक्षा के व्यापारीकरण पर रोक लगाई जाए। मिड डे मील खंड प्रधान ममतेश चौहान ने मांग रखी कि सभी मिड डे मील कर्मियों को 12 माह का वेतन दिया जाए, न्यूनतम वेतन लागू किया जाए तथा सेवानिवृत्ति पर पांच लाख रुपये की सम्मान राशि प्रदान की जाए। नगर पालिका प्रधान मनोज कुमार ने कहा कि शहर की जनसंख्या के अनुपात में सफाई कर्मचारियों के पद बढ़ाए जाएं। उन्होंने ठेका प्रथा पर रोक लगाने और कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग भी उठाई। प्रदर्शन को सुनीता और ऊषा देवी ने भी संबोधित किया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।


**अंबाला।** प्राचार्य के साथ विजेता छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

# डीएवी कॉलेज की छात्राओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

- एसडी कॉलेज में रेड रिबन क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आयोजित हुई प्रतियोगिताएं
- भाषण में छवि व स्लोगन प्रतियोगिता में प्रीति प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के सनातन धर्म (एसडी) कॉलेज के रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा "एचआईवी-एड्स जागरूकता" विषय पर राज्य स्तरीय अंतर-महाविद्यालय ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत भाषण, पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। एचआईवी-एड्स जैसे गंभीर विषय पर युवाओं में जागरूकता, बचाव, भ्रांतियों के निवारण और सामाजिक कलंक को दूर करने के उद्देश्य से इस विषय का चयन किया गया, ताकि समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित हो सके।प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में डीएवी कॉलेज अंबाला शहर की बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा छवि चंदर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में डीएवी कॉलेज, अंबाला शहर की एमए की छात्रा प्रीति ने प्रथम स्थान हासिल किया। दोनों विजेताओं को 700 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। डीएवी कॉलेज के प्राचार्य डॉ आरएस परमार, रेड रिबन क्लब की संयोजिका डॉ. गरिमा सुमरान तथा डॉ. प्रियंका चौधरी ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं में जागरूकता फैलाने के साथ-साथ उनकी रचनात्मक प्रतिभा को भी निखारने का अवसर प्रदान करती हैं।

# अंबालाः जुआ रैकेट का किया पर्दाफाश

- 13 को काबू कर करीब 50 हजार रुपये जब्त किए
- पुलिस ने किराये की दुकान पर चल रहे अवैध कारोबार पर रेड कर आरोपियों के खिलाफ की ठोस कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गवाल मंडी इलाके में चल रहे एक जुआ रैकेट का पर्दाफाश किया है। नमस्ते चौक पुलिस चौकी की टीम ने मौके से 13 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और हजारों की नकदी समेत अन्य सामान बरामद किया। 6 फरवरी की रात नमस्ते चौक चौकी के उप-निरीक्षक अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि गवाल मंडी के सचिन एक किराए की दुकान में अवैध रूप से जुआ खिला रहा है। सूचना की पुष्टि होने पर पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया और योजनाबद्ध तरीके से दुकान को चारों तरफ से घेरकर रेड की।अंबाला पुलिस ने दुकान के अंदर छापा मारा, तो वहां अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने पाया कि दुकान के बीचों-बीच टेबल पर चटाई बिछी थी और 13 लोग ताश के पत्तों पर दांव लगा रहे थे। पुलिस ने सभी को काबू किया और मौके से ताश के 108 पत्ते, एक लेनोवो लैपटॉप और चटाई को कब्जे में लिया। पुलिस ने मौके से गवाल मंडी के सचिन, कुम्हार मंडी के संदीप कुमार, कच्चा बाजार के मन्नी, गवाल मंडी के श्याम लाल, एचबीसी कॉलोनी के बॉबी अरोड़ा, आलू गोदाम रोड के भीष्म, राम किशन कॉलोनी के अमजद खान, चंदपुरा के संजीव, पंजाबी बाग के सचिन, चंदपुरा के देवेंद्र, राज कुमार, रौलों के राहुल और गांव बोह के मंगू को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान ताश के 108 पत्ते, एक लेनोवो लैपटॉप और चटाई को कब्जे में लिया गया। पुलिस ने मौके से कुल 48,740 रुपए बरामद किए। इसमें से 15,000 रुपए दांव पर लगे हुए थे, जबकि 33,740 रुपए आरोपियों की जेबों से बरामद हुए।पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ हरियाणा सार्वजनिक जुआ रोकथाम अधिनियम 2025 की धारा 3(1) और 4(1) के तहत मामला दर्ज किया है।

### देसी पिस्तौल व जिंदा कारतूस समेत काबू

**अंबाला।** सीआईए नारायणगढ़ को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। सीआईए टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए लोटो चुंगी, के पास से एक आरोपी को अवैध हथियार सहित काबू किया है।

जांच टीम को सूचना लिी थी कि आरोपी अवैध हथियार के साथ किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में घूम रहा है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक अवैध देसी पिस्तौल और जिंदा कारतूस (रौंद) बरामद किए गए। पकड़े गए आरोपी की पहचान जतिन कुमार निवासी मुगलमाजरा के तौर पर हुई। आरोपी के पिछले रिकॉर्ड और हथियार की खरीद-फरोख्त के स्रोतों की जांच की जा रही है।

# स्वामी दयानंद ने किया पाखंड व मूर्ति पूजा का कड़ा विरोध

- पुलिस डीएवी स्कूल में मनाया स्वामी दयानंद सरस्वती का जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर स्थित पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती का 202 वां जन्म दिवस श्रद्धा एवं भक्ति के साथ विद्यालय के प्रांगण में मनाया गया। इस कार्यकम में स्कूल के बच्चों द्वारा भक्ति पूर्ण भजन , स्पीच व स्लोगन की सूंदर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में जंहा बच्चों ने स्वामी दयानन्द के जीवन को लेकर कुछ महत्वपूर्ण जानकारी दी तो वहीं कुछ ने ईश्वर स्तुति उपासना मंत्र, आर्यसमाज के नियमों की व्याख्या बहुत सुंदर ढंग से की। बच्चों ने भाषण व नारों के माध्यम से महर्षि दयानंद की शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। सभी प्रस्तुतियां एक से बढ़ कर एक थी। कुछ अध्यापिकाओं ने भी भजन के माध्यम से आर्य समाज का व्याख्यान बहुत सूंदर ढंग से प्रस्तुत किया।प्रिंसिपल डॉ. विकास कोहली ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि स्वामी दयानंद सरस्वती आधुनिक भारत के महान चिंतक, समाज सुधारक और आर्य समाज के संस्थापक थे।



**अंबाला।** छात्रों को संबोधित करते प्रिंसिपल डॉ. विकास कोहली। फोटो : हरिभूमि

### विधवा विवाह को प्रोत्साहन

मूल नक्षत्र के दौरान पैदा होने के कारण उन्हें पहले मूल शंकर तिवारी नाम दिया था। 'वेदों की ओर लौटों' का नारा देने वाले स्वामी दयानंद सरस्वती ने पाखंड, मूर्तिपूजा, छुआछूत और बाल विवाह का कड़ा विरोध किया। स्त्री शिक्षा तथा विधवा विवाह को प्रोत्साहित किया। दयानंद सरस्वती का सबसे बड़ा योगदान आर्य समाज की नींव थी जिसने शिक्षा और धर्म के क्षेत्र में एक क्रांती ला दी। शिक्षा का उद्देश्य मानव में सभ्यता, सदाचार, परोपकार, आदि गुणों का विकास करना बताया । प्रधानाचार्य ने बच्चों को समझाया कि उन्हें भी स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन से प्रेरणा ग्रहण करनी चाहिए। उन्हें हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए और बुरी आदतों और गलत संगति में नहीं जाना चाहिए।

### 125 ग्राम चरस और 15 ग्राम हेरोइन समेत दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** एएनसी स्टाफ की टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टांगरी बांध क्षेत्र से दो आरोपियों को भारी मात्रा में नशीले पदार्थों के साथ काबू किया। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 125 ग्राम चरस और 15 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से दो आईफोन भी बरामद किए गए है । आरोपियों की पहचान खोजकीपुर के सौरभ व अंकित कुमार के तौर पर हुई है। एएनसी इंचार्ज निरीक्षक ऋषिपाल ने बताया कि अपराध और नशीले पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। सूचना मिलते ही तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपियों को दबोचा गया। उन्होंने बताया किआरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान गहन पूछताछ की जाएगी ताकि इस नेटवर्क में संलिप्त अन्य आरोपियों का पता लगाकर उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जा सके।

**कार्यक्रम** | जैक अंबाला रीजन की ओर से भव्य पार्टी का किया आयोजन

# वैलेंटाइन कपल का ताज जेसी विवेक और उनकी धर्मपत्नी नीटू ने अपने नाम किया

वैलेंटाइन पार्टी में एफ बार के सदस्यों ने मनाया जमकर जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जैक अंबाला रीजन द्वारा एफ बार क्लब में अपने सदस्यों के साथ वैलेंटाइन पार्टी का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जैक अंबाला रीजन के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे आयोजन का भरपूर आनंद उठाया। सदस्यों के लिए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें पंक्चुअलिटी गेम, वैलेंटाइन कपल गेम तथा फरवरी माह में विवाह वर्षगांठ मनाने वाले दंपतियों को विशेष उपहार प्रदान किए गए। साथ ही, पूर्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुए प्रोजेक्ट्स के प्रोजेक्ट लीडर्स को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट लीडर जेसी निखिल वर्मा तथा प्रोजेक्ट ऑर्गेनाइज़र जेसी दीपक अग्रवाल एवं जेसी राहुल सूद रहे। जेसी दीपक अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी नीना अग्रवाल ने मंच संचालन कर अपनी मधुर एवं प्रभावशाली प्रस्तुति से समां को और भी सुंदर बना दिया।


**अंबाला।** वैलेंटाइन पार्टी में जश्न मनाते सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### एकता को और मजबूत बनाना लक्ष्य

पंक्चुअलिटी गेम के विजेता जेसी विद्युत अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी कंचन जायसवाल रहे जबकि वैलेंटाइन कपल का ताज जेसी विवेक कोहली एवं उनकी धर्मपत्नी नीटू कोहली ने अपने नाम किया। फरवरी माह में विवाह वर्षगांठ मनाने वाले सभी सदस्यों को रॉयल बेकर्स के मालिक जेसी बलविंदर सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी भावना जी द्वारा केक भेंट किया गया, जिससे सभी सदस्य अत्यंत प्रसन्न हुए। इस अवसर पर क्लब के ज़ोन चेयरमैन 2026 जेएफडी प्रशांत सिंगला भी अपनी धर्मपत्नी नेहा सिंगला के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहे। जैक अंबाला रीजन के रीजनल सेक्रेटरी जेसी अनिल दत्त शर्मा, रीजनल ट्रेज़रर जेसी कमल गर्ग तथा टीम के सभी सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और सभी सदस्यों का विशेष ध्यान रखा। इस अवसर पर क्लब के रीजनल चेयरमैन जेएफएम विशेष धीमान ने कहा, ?हमारा उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि सदस्यों के बीच आपसी स्नेह, विश्वास और एकता को और मजबूत बनाना है। जिस उत्साह और सहभागिता के साथ सभी सदस्यों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया है, वह अत्यंत प्रेरणादायक है। भविष्य में भी हम ऐसे आयोजनों के माध्यम से नए सदस्यों को जोड़ते हुए आपसी बंधन को और सशक्त करते रहेंगे।

### पीओ घोषित आरोपी गिरफ्तार, कोर्ट के आदेश पर भेजा गया सेंट्रल जेल



**बराडा।** पुलिस ने थाना मुलाना में एक मामले में हरियाणा संशोधन अधिनियम (एक्साइज एक्ट) के तहत वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी की पहचान विपन शर्मा निवासी गांव गोकलगढ़ के रूप में हुई है। आरोपी को अक्षय अरोड़ा, जेएमआईसी अंबाला की अदालत द्वारा पहले ही भगोड़ा अपराधी घोषित किया गया था। पुलिस चौकी कलालटी के इंचार्ज एएसआई विश्व बंधु के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते आरोपी को काबू किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेजते सेंट्रल जेल अंबाला भेजने के आदेश जारी किए। आदेशों की अनुपालना करते हुए पुलिस ने आरोपी को सेंट्रल जेल अंबाला में दाखिल करवा दिया। एएसआई विश्व बंधु ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005